## 35- स्वीकृति के साथ सामान्य समनुदेशन (पृष्ठांकन (endorsement) के द्वारा)

इस लेख द्वारा सबको विदित हो कि मैं क ख, आयु लगभग.........वर्ष सुपुत्र.........निवासी ने, केवल.............रुपये (............रु0) के प्रतिफल स्वरूप, जिसके प्राप्ति की मैं एतद्द्वारा अभिस्वीकृति करता हूँ, पूर्ववर्ती (foregoing) करार में होने वाले अपने सभी अधिकारों, आगम तथा हितों का, उक्त करार की शर्तों के अधीन, ख ठ, आयु लगभग.........वर्ष, निवासी........के पक्ष में समनुदेशन तथा अन्तरण करता हूँ और उक्त ख ठ के पक्ष में उस सम्पत्ति, जिसका आगे हवाला दिया गया है और जिसका समनुदेशन करने का इकरार किया गया है, में होने वाले तथा उसके सभी अधिकारों, आगम तथा हितों का एतद्द्वारा परिहार (remise), सम्मोचन (release) तथा अवत्यजन (relinquish) कर दिया है। आज 20.....के ............के दिन............. दिनांक, हस्ताक्षरित तथा निष्पादित किया।

साक्ष्य :–

समनुदेशक (Assignor)

मैं उपर्युक्त ख ठ एतद्द्वारा उपर्युक्त समनुदेशन को, उसकी सभी शर्तों के अधीन, स्वीकार करता हूँ।

साक्ष्य :–

समनुदेशिती

(Assignee)

टिप्पणी :– यह लिखत समनुदेशित सम्पत्ति के अनुसार इण्डियन स्टाम्प एक्ट, 1899 की अनुसूची एक–ख के अनुच्छेद 23 या 62 के अधीन आते हैं।